Title: Need to enquire into the reported tilt of the Taj minarates in the absence of water in Yamuna River.

श्री राज ब्ब्बर (आगरा) : अध्यक्ष महोद्य, आज विश्व प्रसिद्ध ताजमहल, जिसे दुनिया के सात वंडर्स में स्थान दिलाने के लिए एसएमएस के जरिए वोट डाले जा रहे हैं, आज खतरे में है। ताजमहल यमुना किनारे स्थित है, लेकिन यमुना में पानी नहीं है। तमाम इंजीनियर्स और वैज्ञानिकों ने इस बात को लिखा है, दुनिया के अखबारों में भी यह छप रहा है कि अगर ताजमहल के किनारे यमुना में पानी नहीं होगा, तो वह झुकना शुरू हो जाएगा और उसकी नींव कमजोर हो जाएगी। हम इस वर्ा ताजमहल की 350वीं जयंती मना रहे हैं। पिछले दो साल से मैं लगातार इस सदन में बार-बार गुहार लगाता रहा हूं और पानी की मांग करता रहा हूं। इसे लेकर आगरा में आंदोलन भी हुआ है, लोगों पर मुकदमें भी चले हैं। मैं कल इस सिलसिले में प्रधान मंत्री जी से भी मिला था। मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस समस्या को हल करने की बात कही है।

आज आगरा के सभी अखबारों में एक खबर छपी है कि आगरा के लोग जो पानी पी रहे हैं उससे पीलिया और कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। यमुना नदी का पानी बहुत प्रदूाित हो गया है, क्योंकि हरियाणा और दिल्ली की इंडस्ट्रियल गंदगी यमुना में बहाई जाती है। वैसे भी यमुना का स्तर पहले जैसा नहीं रहा है।

ऊपर से जो भी पानी आता है, वह प्रदूाित होता है। केन्द्र और प्रदेशों की सरकारों के अंदर आगरा की जनता पानी के लिए दुहाई कर रही है। वहां पर फ्लोराइड-युक्त पानी जनता को मिलता है। मैंने पिलर टू पोस्ट घूमकर देख लिया, कोई कहता है कि प्रदेश में जाओ, कोई कहता है केन्द्र के पास जाओ। मैं

माननीय प्रधान मंत्री जी के पास भी गया था। उन्होंने आश्वस्त किया है और आज मैं इस गंभीर मसले को सदन के सामने रखना चाहता हूं। आने वाले वर्ाों में पानी की समस्या भारत के सामने भयंकर रूप से आने वाली है। आगरा और आगरा की जनता, बार-बार पानी के लिए गुहार कर रही है। मेरी विनती है कि सरकार इस ओर ध्यान दे और आगरा को केन्द्र और प्रदेश में विभाजित न करके, पानी की समस्या को सुलझाने का कट करे, जिससे ताजमहल भी बचे और आगरा की जनता भी बचे। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Hon. Members, in future, I will not allow any hon. Member to speak from any seat other than his own seat. Please be assured.